दिनदहाड़े रेत का अवैध खनन कर नदियों को किया जा रहा है छलनी

मनमानी ● माफिया को छूट, सरेआम मजदूरों से निकलवाई जा रही रेत

नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोलः जिले के नदी नालों में इस समस अवैध तरीके से रेत का उत्खनन एवं परिवहन तेजी से हो रहा है। एक तरफ वैध ठेकेदार मशीने लगाकर नियम विरुद्ध जिस क्षेत्र का ठेका नहीं है, वहां से रेत निकालकर ओवरलोड परिवहन कर नदियों को खोखला कर रहा है। वहीं दूसरी ओर रेत माफिया सैकड़ों मजदूर बीच नदी में उतार रेत की चोरी कर रहे हैं। एक वीडियो बहु प्रसारित हो रहा है, जिसमें सैकड़ों मजदूर नदी के बीच से रेत निकलकर ट्रैक्टरों में लोड कर रहे हैं। इन तस्वीरों को देखकर ऐसा लगता है कि पुलिस एवं खनिज विभाग ने इन्हें खुली छूट दे दी है। संभागीय मुख्यालय से लगे उमरिया जिले की चौकी घुंनघुटी क्षेत्र की मुड़ना नदी से रेत का अवैध नन कर परिवहन धड़ल्ले से हो रहा है।

माफिया इसका उठा रहे फायदाः बलवई गांव से निकली मुड़ना नदी दो जिलों की सीमा लगी है। एक शहडोल जिले के थाना सोहागपुर की सीमा लगती है, तो दूसरी ओर उमरिया जिले का पाली थाना क्षेत्र की सीमा है। दो जिलों की सीमा की वजह से माफिया दिनदहाड़े यहां अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार इस समय यहां से दिन में 200 से अधिक ट्रैक्टर ट्राली में रेत निकाली जाती है। वहीं दिन रात मिलाकर 400 ट्राली से अधिक रेत निकाल आसपास के क्षेत्र में विक्रय किया जा रहा है। दोनों जिलों में अवैध रेत की सप्लाई यही से की जा रही है।

रेत निकालने नदी में उतरे मजदूर। ● वीडियो ग्रेब

मुडना नदी जहां से दिन-रात अवैध तरीके से निकल रही रेत। ● वीडियो ग्रेब

इन अवैध रेत से भरे ट्रैक्टरों पर कोई अंकुश नहीं है, जिसके कारण यह कारोबार प्रतिदिन बढ़ रहा है। लोगों के अनुसार माफिया नदी से खनन कर उनके खेतों से रेत से भरे ट्रैक्टरों का परिवहन कर रहे हैं। विरोध करने पर उन्हें डराया धमकाया जाता है। कई बार तो पुलिस से भी लोगों ने शिकायत किया है लेकिन पुलिस कार्यवाही नहीं करती है,ऐसा लोगों का आरोप है।

पुलिस के पास और भी कामः घुनघुटी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक भूपेंद्र पंत से कहना है कि उन्हें जब भी जानकारी लगते हैं कार्रवाई करते हैं। अब जानकारी में आया है तो कार्रवाई करेंगे। खनिज विभाग तो कभी यहां देखता ही नहीं है। सारा दोष पुलिस पर मढ़ दिया जाता है। पुलिस के पास और भी कई काम रहते हैं।

इन्हें पकड़ना मुमकिन नहींः सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने कहा कि समय-समय पर अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर पकड़े गए हैं। अगर ऐसा हो रहा है तो कार्यवाही की जाएगी। दो जिलों की सीमा के चक्कर में माफिया फायदा उठाते हैं, अगर शहडोल की पुलिस पहुंचती है तो वह उमरिया की ओर भाग जाते हैं, जिन्हें पकड़ना मुमकिन नहीं होता।

अमलाई-चचाई में फिर अवैध कारोबार जोरों पर

नईदुनिया न्यूज, अमलाईः यहां के अमलाई और चचाई थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध कारोबार फलफूल रहा है। पुलिस की कार्रवाई देखकर कबाड़ियों ने अपने ठीहो में ताले जड़ दिए थे, लेकिन अब एक बार उनकी कबाड़ की दुकान खुलने लगी। कबाड़ियों के गुर्गे रात के अंधेरे में ही नहीं दिन के में भी वेशकीमती सामानों की चोरी कर इंदिरा नगर, बापू चौक, झगरहा में संचालित कबाड़ की दुकानों में खपाते है। यही नहीं सड़क के किनारे एसईसीएल की लगी पाइपलाइन और पुरानी पाइपलाइन जमीन से खोदकर कबाड़ी बेंच रहे हैं। कोल माफिया भी एक रुपए अस्सी पैसे के दर से तराजू बांट लेकर कोयला खरीदने लगा है। बरगवां और बकही क्षेत्र के बीच मठ देउरा सोन नदी के पास आदिवासी एवं हरिजन समुदाय के गरीबों के माध्यम कोयला खरीदा जा रहा है और ट्रैक्टर ट्राली पर लोड कर अन्य जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। एसईसीएल के अंदर की दीवारों में सुरंग बनाकर कोयला चोरी किया जा रहा है। एक ओर जहां पूरे राज्य में संचालित शराब दुकानों के आसपास अहाते चलाने की अनुमति नहीं है, लेकिन अमलाई के दुर्गा मंदिर के पास संचालित शराब दुकान में रात्रि आठ बजे के बाद अवैध अहातों को देखा जा हैं। शाम होते सार्वजनिक स्थान मंदिरों चौराहा एवं सब्जी बाजरों जहां पर घर एवं परिवार के साथ साथ संपूर्ण क्षेत्र की महिलाओं का भी आना-जाना होता है। वहां इन शराबियों के द्वारा अच्छे लोगों के साथ बुरा बर्ताव करने में गुरेज नहीं करते हैं, जिनकी वजह से पूरे दुर्गा मंदिर क्षेत्र में विवाद एवं मारपीट जैसी गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं।

बुढ़ार में निरीक्षण करते हुए जांच अधिकारी। ● नईदुनिया

शहर में खुले खाद्य प्रतिष्ठानों के का किया निरीक्षण, लिया सैंपल

नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोलः खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहडोल और अनूपपुर जिले के प्रभारी आर के सोनी ने कनिष्ठ अपूर्ति अधिकारी आरएन जाटव के साथ बुढ़ार में कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया है। बताया गया कि मंगलवार को बुढार स्थित अंकुर स्वीट्स, श्याममिष्ठान, जोधपुर मिष्ठान, आदर्श स्वीट्स, अभिनंदन स्वीट्स आदि खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया तथा मिठाइयों के सेंपल लिये गये है, जिन्हें खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अमानक स्तर के खाद्य पदार्थ पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सोन नदी में मिला युवक शव

नप्र, शहडोलः जिले के देवलोंद थाना क्षेत्र के कुम्हिया गांव से निकली सोन नदी में उतारता हुआ शव मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंची और शव को बाहर निकलवाने के बाद उसकी पहचान रवि खैरवार पुत्र सुरेश खैरवार (20)के रुप में की गई है।मृतक गाड़ा गांव का रहने वाला बताया गया है। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है और मामले की जांच में लग गई है।

पांच घरेलू गैस सिलिंडर जब्त

शहडोलः खाद्य विभाग ने मंगलवार को नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों के जांच दौरान घरेलू गैस सिलिंडर के व्यावसायिक दुरूपयोग के संबंध में जानकारी लेने यम्मी एंड स्पाइसी होटल पाली रोड के कारखाने की जांच की गई तो वहां पांच घरेलू सिलिंडर मिले हैं। 05 घरेलू गैस सिलिंडर का व्यावसायिक उपयोग करते पाये जाने पर जप्त किया गया एवं प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए अधिकारी। ● नईदुनिया

ब्यौहारी में 26 को सीएम के संभावित दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू

अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

नईदुनिया न्यूज, ब्यौहारीः जिले के ब्यौहारी में 26 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरु हो गई है। मंलवार को कार्यक्रम स्थल ब्यौहारी के स्टेडियम पहुंचकर अधिकारियों ने निरीक्षण किया और स्थानीय अधिकारियों से बातचीत करके जानकारी ली। कमिश्नर शहडोल श्रीमन शुक्ला, पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा, कलेक्टर डा. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, ब्यौहारी एसडीएम नरेंद्र सिंह धुर्वे, एसडीओपी रवि प्रकाश कोल सहित अन्य अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संभावना है कि को मुख्यमंत्री के इस दौरे में कई योजनाओं सौगात मिलेगी। इस ब्यौहारी को जिला बनाने और बाणसागर में नौ सेना का ट्रेनिंग सेंटर चालू करने जैसे कई मुद्दों को स्थानीय विधायक द्वारा उठाया जाएगा और मुख्यमंत्री से घोषणा कराने का प्रयास होगा।

लोगों पर हमला करने वाले तेंदुए का किया जाएगा रेस्क्यू

नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोलः पिकनिक मनाकर लौट रहे लोगों पर अचानक हमला करने वाले तेंदुए को बांधवगढ़ भेजने की तैयारी वन विभाग ने कर लिया है। बीते कई दिनों से जिले में तेंदुआ की गतिविधियां दिख रही है और अब तक आठ लोगों को हमला करके घायल भी कर चुका है।

तेंदुए के रेस्क्यू के लिए वन विभाग के अधिकारियों ने भोपाल और बीटीआर को पत्राचार किया है। अधिकारियों के मुताबिक अगर इस तेंदुए रेस्क्यू नहीं किया और भी घटनाएं हो सकती है। वन विभाग के अनुसार गोहपारू वन परिक्षेत्र के लफदा बीट के सर्किल देवरी में तेंदुए ने पहला हमला किया था। इसके पांच लोगों पर हमला कर चुका है, जिसमें जानकी बैगा, सजीवन सिंह, राकेश, समनु सहित एक अन्य घायल हुए हैं। हमले से घायल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसका उपचार मेडिकल कालेज में चल रहा है। गोहपारू के बाद जैतपुर वन परिक्षेत्र में तेंदुए ने हमला कर एक अधेड़ को घायल किया है।

इसके बाद इसी दिन कुछ घंटे बाद शहडोल रेंज के खेतौली बीट में पिकनिक मना कर वर्जन-लौट रहे 50 लोगों के समूह पर हमला किया, जिसमें तीन घायल हुए हैं। घटना का लाइव वीडियो सामने आने के बाद एक युवक तेंदुए को देखने जा रहा था तो उस भी हमला किया। तीन रेंज में अब तक आठ लोगों को घायल कर चुका है। आठ लोगों को घायल करने वाले तेंदुए की निगरानी में वन विभाग के तीनों रेंज सहित 60 से अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगा लगाई गई है। यह जंगलों में लगातार निगरानी कर रहे हैं। नजर रखी जा रही है कि तेंदुआ रिहाईसी क्षेत्र में ना आ सके। गोहपारु रेंजर के साथ उनके कर्मचारी, जैतपुर रेंजर के साथ कई डिप्टी रेंजर जंगलों में निगरानी करने लगे हैं।

> आठ लोगों पर हमला करने तेंदुए के रेस्क्यु के लिए भोपाल एवं बीटीआर टीम को पत्र लिखा गया है। जल्द ही टीम आकर तेंदुए का रेस्क्यु कर बांधवगढ़ ले जाएगी। सुरक्षा के लिए वन अमले को सचेत किया है और गस्त बढ़ा दी गई है।
>
> **-बादशाह रावत**
> एसडीओ वन विभाग दक्षिण शहडोल।

OUT OF THE LEAGUE
खेत में जाकर किसानों को बताए गए धान की खेती के फायदे। ● सौजन्य कृषि विज्ञान केंद्र

23 हेक्टेयर में की सीआर धान 310 की खेती

नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोलः कृषि विज्ञान केंद्र एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के सन्युक्त तत्वाधान में जिले के ग्राम कठौतिया और मिठोरी में विश्व एवं देश की पहली उच्च प्रोटीन चावल किस्म सीआर धान 310 प्रक्षेत्र का भ्रमण करके बीज उत्पादक कृषकों को समसामियिकी सलाह देकर जागरूक किया गया।

केंद्र के विज्ञानी डा. बृजकिशोर प्रजापति ने किसानों को बताया कि आदिवासी अंचल में चावल सबसे महत्वपूर्ण मुख्य खाद्य पदार्थों में से एक है, लेकिन सामान्य तौर पर लोकप्रिय चावल किस्मों के दानों में प्रोटीन की अन्य अनाजों में सबसे कम है।

इससे गंभीर पोषण संबंधी समस्या है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक द्वारा 2014 में विश्व एवं देश की पहली उच्च प्रोटीन चावल किस्म सीआर धान 310 को विकसित किया गया। इसके चावल के दानों में प्रोटीन की मात्रा पर्याप्त होती है। धान की इस किस्म से प्रति हेक्टेयर 45 से 50 क्विंटल तक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

इसकी कुटाई करने पर इसके चावल में जस्ता (15 पीपीएम) का मध्यम स्तर मिलता हैं। इसमें ग्लूटेलिन का अंश और आवश्यक अमीनो एसिड जैसे लिसिन और थ्रेओनिन अधिक है। यह न केवल उच्च उपज वाली किस्म है, बल्कि प्रोटीन से भी भरपूर है। डा. प्रजापति ने बताया कि सीआर धान 310 के 15 क्विंटल प्रजनक बीज को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिले में इस बार नवाचार के तहत 10 कृषकों के कुल 23 हेक्टेयर प्रक्षेत्र पर बीज उत्पादन प्रोग्राम लिया जा रहा हैं। जिससे आने वालो वर्षो में अधिक से अधिक कृषको तक बीज उपलब्ध कराया जा सके। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक आर पी झरिया एवं सहायक संचालक रमेंद्र सिंह ने किसानों को जानकारी दी कि जिले मे बहुत से क्षेत्र ऐसे है जहां की कृषि पूरी तरह से वर्षा पर आधारित है तथा सिंचाई के सीमित साधन के कारण रबी मौसम में खेत खाली पड़ी रहती है।

ऐसे क्षेत्रों के लिए सघन खेती के रूप मे उतेरा खेती एक महत्वपूर्ण विकल्प साबित हो सकती है।

कीट व्याधियों से फसल नुकसानी का मुआवजा दो।
भारतीय किसान संघ
ज्ञापन सौंपते हुए किसान व उनके नेता। ● नईदुनिया

कीट व्याधि से फसल नष्ट, किसान आंदोलित

नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोलः कीट व्याधियों से नष्ट हुई धान फसल के नुकसानी का आंकलन सर्वे कराने, वन्य पशुओं से फसल सुरक्षा और अघोषित बिजली कटौती विषय को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर, वन संरक्षक और अधीक्षण अभियंता विद्युत मंडल को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। किसान नष्ट हुई धान की फसल का अवशेष साथ लेकर पहुंचे और नष्ट हुई फसलों का मुआवजा दो, बिजली पानी पूरा दो, पैसे हमसे पूरे लो, किसान शक्ति जागेगी, सारी समस्या भागेगी के नारे लगाए। ज्ञापन सौंपने के बाद किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से चर्चा की। प्रांत मंत्री होरी लाल जायसवाल, जिलाध्यक्ष धनंजय प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सहित अन्य किसान नेताओं ने विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि वन्य पशुओं से फसल सुरक्षा हेतु खेतों की फेंसिंग, शासन से अनुदान दिया जाना चाहिए। हर तीन माह में किसान संवाद कार्यक्रम के आयोजन में कलेक्टर सहमति देते हुए शीघ्र कार्रवाई की बात कही है। इस मौके पर रामायण पयासी, लवकेश मिश्रा, राजा गुप्ता, विजय गुप्ता, सुनील मिश्रा, उमा शंकर पाठक सहित जिले के कई किसान उपस्थित रहे।

पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ने को विद्यार्थी मजबूर जिम्मेदार भवन की मरम्मत करने गंभीर नहीं

- सरपंच और जन शिक्षक को जानकारी देने के बाद भी भवन में नहीं कराई गई मरम्मत
- ग्राम बराछ के प्राथमिक स्कूल अमराडंडी का मामला

नईदुनिया न्यूज, ब्यौहारीः जिले के जयसिंहनगर ब्लाक अतर्गत ग्राम बराछ के प्राथमिक स्कूल अमराडंडी मे स्कूल भवन जर्जर होने के कारण बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करन को मजबूर है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक ने बीते 02 अगस्त को जनशिक्षक एवं 16 जून को सरपंच को पत्र भी लिखा गया है, लेकिन अभी तक बच्चे बाहर बैठकर ही बढ़ रहे हैं। स्कूल की अभी तक मरम्मत नहीं कराई गई है, जबकि मरम्मत के लिए जनपद शिक्षा केंद्र में राशि भी आती है। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल ने शासन से प्रशासन से मांग किया जल्द नया स्कूल भवन बनाया जाए। जिससे बच्चों की पढ़ाई में बांधा न पहुंचे और बच्चे सुरक्षित रूप से पढ़ाई कर सके।

पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ रहे विद्यार्थी। ● नईदुनिया

> विद्यालय के मरम्मत का प्रस्ताव राज्य शिक्षा केंद्र को भेजा गया है। जैसे ही स्वीकृति और राशि आ जाएगी मरम्मत कार्य कराया जाएगा। हमारी जानकारी में है और हम खुद चाहते है कि जल्दी से जल्द स्कूल का भवन बने।
>
> **-आरएन विश्वकर्मा**
> बीआरसीसी जयसिंहनगर।

ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे पेसा मोबीलाइजर

नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोलः केंद व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्रहियों को दिलाने के लिए ग्राम पंचायतों में नियुक्त पेसा मोबिलाइजर महती भूमिका निभा रहे हैं। जनपद पंचायत जयसिंहनगर के पेशा मोबिलाइजर मुस्कान गुप्ता ने लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। पेसा मोबिलाइजरों द्वारा पेसा एक्ट के तहत विभिन्न कार्य, समग्र ईकेवाईसी, लोगों को मछली पालन के लिए प्रोत्साहित करना जैसे अन्य विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता के साथ किए जा रहे है। जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत ठेंगरहा पेसा मोबिलाइजर अजय सिंह परस्ते द्वारा ग्राम पंचायत में जल समिति द्वारा मछली पालन का कार्य, मादक पदार्थ समिति द्वारा लोगों को मादक पदार्थ न लेनें के बारे में जागरूक किया।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के इंक्रीमेंट पर की गई चर्चा

नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोलः मध्यप्रदेश एमपीकेव्हीव्ही कर्मचारी जनता यूनियन की एक आकस्मिक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता एम एल चौकसे ने की एवं केडी द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रवि सक्सेना, अशोक पटेल, मोहन अग्रवाल, एसके तिवारी शहडोल, छगे राम बर्मन उमरिया डा. अनिल पारे हाई कोर्ट के सीनियर वकील साहब एडवोकेट बालराम साहू, अखिलेश तिवारी, लल्लू पटेल, बारेलाल यादव, दिनेश चौधरी आदि की उल्लेखनीय रही।

बैठक में उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी। ● सौजन्य यूनियन

बैठक का उद्देश्य 30 जून को रिटायर्ड हुए कर्मचारियों को मिलने वाला लाभ इंक्रीमेंट का अंतर लाभ एवं कोर्ट के आदेश का पालन आदि पर चर्चा करना था। सभी साथी कर्मचारियों को उचित फायदा दिलाने की पेशकश की गई। साथ ही आउटसोर्स के कर्मचारियों को दीपावली पूर्व भुगतान प्रणाली सुचारू रूप से करते हुए भुगतान करने की व्यवस्था के लिए उच्च अधिकारियों से मिलकर शीघ्र निर्णय लेने का प्रयास किया जाए। सीजीएम एवं पीसीएस पीएमसी के साथ बैठक करते हुए पेंशनरों को भी दीपावली पूर्व भुगतान की व्यवस्था पर चर्चा की गई एवं छत्तीसगढ़ के समान डी आर 53 प्रतिशत के आदेश कर भुगतान करने की व्यवस्था की जावे।

यह रखी मांगः प्रदेश की प्रमुख यूनियन ने मांग की है की समस्त कर्मचारी और अधिकारियों के प्रति दीपावली पर्व को देखते हुए सहानुभूति पूर्वक विचार कर आदेश किया जाए। संगठन का बैठक का संचालन राजेश जैन ने किया। आभार विजय कुमार चौक से व्यक्त किया। यह बैठक सोमवार को हुई है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India

अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस
ई-नीलामी दि. 08/11/2024

क्षेत्रीय कार्यालय- बुढ़ार रोड, शहडोल, मध्य प्रदेश

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का भौतिक कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है, एवं दायित्व रहित"** के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति-दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई- नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

क्र.	संबंधित शाखा	ऋण खाता / ऋणी / प्रत्याभूति-दाता / जमानतदार	मांग / बकाया राशि	साम्यबंधक अचल संपत्तियों का विवरण / कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य अग्रिम धरोहर जमा राशि बिड वृद्धि राशि
1	बिरसिंहपुर पाली उमरिया मोब.नं.- 93031 08362	(1) मनोज कुमार शर्मा पिता स्व. श्री राम किशन शर्मा (मूल उधारकर्ता) पताः वार्ड क्र. 7, कुमारहन मोहल्ला, एलआईसी ऑफिस एवं किरण टॉकीज के पास, बिरसिंहपुर पाली, जिला उमरिया (म.प्र.)- 484551 (2) श्री अजय कुमार शर्मा पिता स्व. श्री राम किशन शर्मा (मूल उधारकर्ता) पताः (1) वार्ड क्र. 7, कुमारहन मोहल्ला, एलआईसी ऑफिस एवं किरण टॉकीज के पास, बिरसिंहपुर पाली, जिला उमरिया (म.प्र.)- 484551 पताः (2) वी/1925 माता वाली गली चीराखाना चाँदनी चौक, दिल्ली, जीपीओ नॉर्थ दिल्ली- 110006 (3) श्री विपिन कुमार शर्मा पिता स्व. श्री राम किशन शर्मा (मूल उधारकर्ता) पताः वार्ड क्र. 7, कुमारहन मोहल्ला, एलआईसी ऑफिस एवं किरण टॉकीज के पास, बिरसिंहपुर पाली, जिला उमरिया (म.प्र.)- 484551 (4) श्री अभय नारायण तिवारी पिता श्री आर.आर. तिवारी (गारंटीदाता) पताः पेट्रोल पम्प के पीछे, पाली प्रोजेक्ट बिरसिंहपुर पाली, जिला उमरिया (म.प्र.)- 484551 (5) श्री महेंद्र पाठक पिता श्री के.के. पाठक (गारंटीदाता), पताः वार्ड 9, मंगठार रोड, बिरसिंहपुर पाली, जिला उमरिया (म.प्र.)- 484551	रू. 24,95,370/- + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	संपत्तिः- खसरा क्र. 779/1, वार्ड क्र. 07, एलआईसी एवं संगीता टॉकीज के पास, बिरसिंहपुर पाली उमरिया (म.प्र.)- 484551 का कुल रकबा 2875.00 वर्गफुट, भू-स्वामी/ बंधककर्ता- (1) श्री मनोज कुमार शर्मा पिता स्व. श्री राम किशन शर्मा, (2) श्री अजय कुमार शर्मा पिता स्व. श्री राम किशन शर्मा, (3) श्री विपिन कुमार शर्मा पिता स्व. राम किशन शर्मा। चतुर्सीमाः उत्तर- रास्ता, दक्षिण- गल्ला कुंभार की भूमि, पूर्व- रामचन्द्र गुप्ता की भूमि, पश्चिम- रामसखी की भूमि, क्षेत्रफलः 2875.00 वर्गफुट/ उस पर निर्मित भवन/इकाई/ **भैतिक कब्जा**	रू. 42,50,000/- रू. 4,25,000/- रू. 1,00,000/-

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गये प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbankofindia.co.in देखें या बैंक अनुबंधित सेवा प्रदाता PSB Alliance के वेबपोर्टल http://ebkray.in पर उपलब्ध लिंक देखें। नीलामी से अन्य संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नंबर 91-8291220220, शाखाः- बिरसिंहपुर पाली (मोब. 91-9303108362) या प्राधिकृत अधिकारी श्री रामा कान्त मिश्रा (मोब. 91-9693096247) या क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल (ई मेल- recvshahro@centralbank.co.in) से सभी कार्यदिवसों में कार्यावधि के दौरान संपर्क कर सकते हैं। शीर्षक दस्तावेजों/ दूसरे दस्तावेजों/ संपत्ति के निरीक्षण/ जानकारी हेतुः संबंधित शाखा- बिरसिंहपुर पाली से बैंकिंग कार्यदिवसों में कार्यावधि के दौरान संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक बोलीकर्त्ता सम्पत्ति का निरीक्षण संबंधित शाखा से संपर्क कर दिनांक 01/11/2024 से 02/11/2024 को कर सकते हैं। उपरोक्त संबंधित सभी ऋणियों / प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन पंद्रह (15) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।

दिनांकः 23/10/2024, स्थानः शहडोल (म.प्र.)

कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी